(c) and (d) Yes, Sir. The following measures have been taken:—

(1) Pre-flight anti-sabotage check of the aircraft.
(2) Frisking/checking of employees/ persons entering the aircraft.
(3) Checking/screening of registered baggage of passengers.
(4) Identification/matching/ reconciliation of the registered baggage with the passengers.
(5) Physical identification of inter-line/transfer baggages.
(6) Physical checking/screening/ cooling off of baggage/cargo.
(7) A well-defined system of access control.

Central Assistance to Bhartiya Yatri Avas Vikas Samiti

35. SHRI RAMDAS AGARWAL : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether Government have any proposal to grant assistance to Bhartiya Yatri Avas Vikas Samiti for construction of Dharamshalas, Sarais at religious and pilgrim centres in the country; and

(b) if so, what are the details thereof state-wise and what amount is likely to be provided during the current financial year, placewise?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAV RAO SCINDIA) : (a) Yes, Sir.

(b) The grant to the Samiti is released generally on lump-sum basis. During the current year, it is proposed to provide grant for the construction of Yatrikas at Puri (Orissa) and Maheshwar (Madhya Pradesh). In addition, balance amount is also proposed to be released for the Yatrikas which have already been constructed or are under construction.

सवाई माधोपुर में पर्यटन का विकास

36. **डा॰ अबरार अहमद:**
चौधरी हरि सिंह:

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में केन्द्रीय सरकार द्वारा विकसित नये स्थलों के नाम क्या-क्या हैं और पिछले एक वर्ष के दौरान पर्यटन की दृष्टि से विकसित किये गये प्राचीन स्थलों के नाम क्या-क्या हैं तथा इस सम्बन्ध में राजस्थान के बारे में विस्तृत ब्यौरा क्या है;

(ख) उन विदेशी पर्यटकों की संख्या कितनी है जिन्होंने पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्थान का भ्रमण
किया और उनमें से कितने विदेशी-पर्यटकों ने सवाई माधोपुर, रणथम्भौर बाघ परियोजना का भ्रमण किया;

(ग) क्या सवाई माधोपुर बाघ परियोजना का भ्रमण करने वाले विदेशी पर्यटकों के लिए वहां कोई सुविधाएं उपलब्ध है; यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार इन पर्यटकों के लिए सवाई माधोपुर को वायुदूत सेवा से जोड़ेगी?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया): (क) देश में पर्यटन स्थलों का निरंतर विकास तथा संवर्धन किया जाता है और यह मुख्यतः राज्य सरकारों की जिम्मेवारी है। वित्तीय वर्ष 1991-92 के दौरान केन्द्रीय पर्यटन विभाग ने चित्तौड़गढ़, नाथ द्वारा, डीग, बालोत्रा, नागौर, नाहरगढ़ किला, सज्जनगढ़ किला और बहरोड़ में पर्यटन आधारिक-संरचना का विकास करने के लिए राजस्थान सरकार को वित्तीय सहायता मंजूर की है। इसके अलावा, साहसिक पर्यटन का संवर्धन करने के लिए, भारत पर्यटन विकास निगम ने जैसलमेर के निकट "साम" में एक शिविर का आयोजन किया है।

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान, राजस्थान और सवाई माधोपुर में रणथम्बौर बाघ परियोजना की यात्रा करने आए विदेशी पर्यटकों की संख्या इस प्रकार है:—

वर्ष	राजस्थान	सवाई माधोपुर रणथम्बौर बाघ परियोजना
1	2	3
1988	3.66.287	2557
1989	4,14,572	3607
1990	4,17,641	5059

नोट:— राज्य सरकार से वर्ष 1991 के आंकड़े प्राप्त नहीं हुए हैं।

(ग) सवाई माधोपुर परियोजना की यात्रा करने वाले विदेशी पर्यटकों के लिए राज्य पर्यटन विभाग के दो पर्यटक बंगलों में आवासीय सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। राज्य का वन विभाग सफारी के लिए जीपें उपलब्ध करा रहा है।

(घ) जी, नहीं।